**बिहार सरकार**

**ग्रामीण विकास विभाग**

पत्रांक 4642215 पटना / दिनांक 23/09/2025

ग्रा०वि०-3/स्था०-01-02/2025

प्रेषक,

**लोकेश कुमार सिंह,**
सरकार के सचिव ।

सेवा में,

**सभी जिला पदाधिकारी,**
बिहार ।

विषय :- **विभागीय अधिसूचना संख्या-4253585 दिनांक 24.06.2025 एवं अधिसूचना संख्या-4253588 दिनांक 24.06.2025 द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारियों/ प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारियों का स्थानांतरण/ पदस्थापन के कार्यान्वयन के संबंध में ।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 23/2025-ERS(Vol.II) दिनांक 24.06.2025 द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहण पुनरीक्षण-2025 के संबंध में जारी दिशा-निर्देश के आलोक में विभागीय पत्रांक 4260069 दिनांक 26.06.2025 द्वारा विभागीय अधिसूचना संख्या-4253585 दिनांक 24.06.2025 एवं अधिसूचना संख्या-4253588 दिनांक 24.06.2025 से प्रखंड विकास पदाधिकारियों/ प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारियों का किये गये स्थानांतरण/ पदस्थापन के कार्यान्वयन को अगले आदेश तक स्थगित किया गया था।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुसार मतदाता सूची के विशेष गहण पुनरीक्षण-2025 का कार्यक्रम दिनांक 30.09.2025 को समाप्त हो रहा है।

अतः उपर्युक्त के आलोक में विभागीय अधिसूचना संख्या-4253585 दिनांक 24.06.2025 एवं अधिसूचना संख्या-4253588 दिनांक 24.06.2025 द्वारा स्थानांतरित/ पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारियों/ प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिनांक 30.09.2025 के पश्चात अगले दिन विरमित किया जाय, ताकि सभी पदाधिकारी दिनांक 03.10.2025 तक निश्चित रूप से नवपदस्थापित स्थान पर योगदान कर सकें । स्थानांतरित/ पदस्थापित पदाधिकारियों का माह अक्टूबर, 2025 का वेतनादि का भुगतान नवपदस्थापित कार्यालय से किया जायेगा ।

विश्वासभाजन

23/9/2025

**(लोकेश कुमार सिंह)**
सरकार के सचिव

ज्ञापांक:- 4642215 दिनांक:- 23/09/2025

प्रतिलिपि- सभी उप विकास आयुक्त, बिहार/ सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/ ग्रामीण विकास पदाधिकारी-सह-प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

सरकार के सचिव

23/9/2025

आवेदन स-17890.Doc